क्र.– 58/निविदा/2017 रायपुर, दिनांक 05/08/2017

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

## पुस्तकों (Prints/DVD/CD) के प्रदाय हेतु निविदा

निविदा जमा की अंतिम तिथि 12.09.2017 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि 13.00.2017 समय अपरान्ह 03:00 बजे

कुलसचिव

मूल्य रू. 2000/–

(सील्ड लिफाफा–2 में रहेगा)

**पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर(छ.ग.)**

पत्र क्र.– 60/निविदा विज्ञा/2017 रायपुर, दिनांक 05/08/2017

**निविदा आमंत्रण सूचना**

विश्वविद्यायलय द्वारा पुस्तकों ( Print, CD, DVD) एवं E Books केप्रदाय हेतु पृथक– पृथक निविदा प्रतिष्ठित निर्माताओं/ विक्रेताओं से आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र विश्वविद्यायलय के वेबसाईट **"www.prsu.ac.in"** से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 12/09//2017 समय 03.00 बजेतक

निविदा खोलने की तिथि 13/09/ 2017 समय 03.00 बजे

कुलसचिव

**Maximum Size is 6.00 cm x 4.00 cm = 24 sq.cm**

**Please do not exceed.**

(सील्ड लिफाफा–2 में रहेगा)

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## आवेदन पत्र

प्रति,

कुलसचिव,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– पुस्तकों ( Print/CD/DVD) के प्रदाय हेतु निविदा आमंत्रण ।

संदर्भः– पत्र क्र.–60/निविदा विज्ञा/2017 रायपुर, दिनांक 05/08/2017।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के परिपालन में मेरे द्वारा निविदा के समस्त शर्तो तथा प्रपत्रों को पढ़ लिया गया है। तत्पश्चात् मेरे द्वारा सील (मुहर) अंकित कर हस्ताक्षर कर दिए गए है एवं वांछित समस्त जानकरी संलग्न कर दिये हैं। मैं निविदा के समस्त शर्तो के परिपालन हेतु अपनी सहमति देता हूं। मेरे द्वारा प्रस्तुत दर को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत किया जाता है तो इन शर्तो के अधीन पुस्तकें प्रदाय हेतु मैं वचन बद्ध हूं। विवाद की स्थिति में "कुलपति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.)" का निर्णय मुझे मान्य होगा।

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर.............................

स्थान ..................

नाम .............................

दिनांक................

पदनाम ............................

सील ...............................

(सील्ड लिफाफा–2 में रहेगा)

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## पुस्तकों(Prints/CD/DVD) के प्रदाय हेतु निविदा की शर्तेः–

1. यह निविदा पुस्तकों के प्रतिष्ठित प्रकाशकों / विक्रेताओं से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में अनुबंध की तिथि से एक वर्ष तक विभिन्न विषयों की पुस्तकों के प्रदाय हेतु आमंत्रित की गई है। पुस्तकों के क्रय के लिए अनुमानित राशि रु. 20.00 लाख है। यह राशि कम या ज्यादा हो सकता है।

2. निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट से डाउनलोड किये जायेंगे। इसके लिये राशि रू.2000.00 का एक अतिरिक्त बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) जो ''कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)'' के नाम पर देय हो संलग्न करना अनिवार्य है।

3. प्रत्येक निविदा के साथ ''कुलसचिव, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर देय धरोहर राशि (EMD) रु. 1.50 लाख का बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) संलग्न करना अनिवार्य है। यह धरोहर राशि वापसी योग्य है। इस राशि पर व्याज देय नहीं है।

4. निविदा कर्ता द्वारा छूट (डिस्काउट) प्रतिशत दर पुस्तकों के latest edition की वास्तविक मूल्य पर प्रस्तुत की जावेगी। एक ही पुस्तक के Foreign एवं Indian दोनों latest edition उपलब्ध होने पर Indian edition की आपूर्ती करनी होगी।

5. पुस्तकों के प्रदाय हेतु न्यूनतम छूट (डिस्काउटं) 20% (बीस प्रतिशत) पुस्तकों के वास्तविक मूल्य पर है। ऐसे शासकीय/संस्थागत प्रकाशन जिस पर प्रकाशक द्वारा छूट नहीं दिया जा रहा है या प्रदत छूट कम है, इसके अपवाद होंगे। परन्तु यह भी की इस श्रेणी की आदेशित इन पुस्तकों की आपूर्ती सफल निविदा कर्ता को अनिवार्यतः करनी होगी और छूट सत्यापन हेतु इन प्रकाशनों से क्रय की गई पुस्तकों के देयक की मूल प्रति की छाया प्रति अनिवार्यतः संलग्न करनी होगी।

6. निविदा कर्ता को कार्मसियल बिड में उल्लेखित सभी श्रेणियों के पुस्तकों पर छूट का प्रस्ताव देना अनिवार्य है।

7. किसी भी निविदा कर्ता द्वारा प्रस्तुत अधिकतम छूट के अनुसार उसकी निविदा का चयन एक या अधिक श्रेणियों के लिए किया जा सकता है।

8. केवल वे ही पुस्तकों के प्रकाशक/ विक्रेता फर्म निविदा में भाग ले सकेंगे, जिनका पिछले प्रत्येक तीन वित्तीय वर्षो में वार्षिक टर्न ओव्हर राशि रू. 20.00 लाख से उपर का हो। इसके लिए पिछले तीन वित्तीय वर्षो का चार्टेड एकाउटेंट द्वारा प्रमाणित बैंलेस शीट, आयकर विभाग में जमा की गई पिछले तीन वर्षो की टेक्स गणना पत्रक (रिटर्न) की प्रतिया एवं आयकर विभाग द्वारा जारी परमानेन्ट अकाउण्ट नं PAN आदि सभी की स्वप्रमाणित प्रतियां टेक्नीकल बिड प्रपत्र ''अ'' में संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

9. स्वच्छ एवं साफ अक्षरों में बिना कांट छांट के पूरी तरह भरे हुए निविदा प्रपत्र सील्ड लिफाफे में अंतिम तिथि दिनांक 12/09/2017 समय 03.00 बजे तक निम्नांकित पते पर अनिवार्यतः रजिस्टर्ड पोष्ट/ स्पीड पोष्ट /कोरियर से प्राप्त हो जाना चाहिए। विलंब से प्राप्त हुई निविदा मान्य नहीं होगी। इसकी पूर्णतः जवाबदारी निविदा प्रस्तुत कर्ता फर्म की होगी। विश्वविद्यालय के अन्य पते पर प्रेषित निविदा के विलंब से प्राप्त होने की जिम्मेदारी स्वयं निविदाकर्ता की होगी।

विश्वविद्यालय ग्रंथपाल
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.) 492010

निविदा कर्ता
हस्ताक्षर..............................
नाम ..................................
सील .................................

**10.** निविदा ''चार सील्ड लिफाफा पद्धति'' के अनुसार विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा किये जायेंगे। इसमें सील्ड लिफाफा 1, 2, 3 एक बडे लिफाफा क्र–4 में रखकर सील्ड किये जायेंगे। इस बडे लिफाफे के उपर स्वच्छ अक्षरों में '' पुस्तकों प्रदाय हेतु निविदा, निविदा जमा अंतिम तिथि 12/09/2017 समय 3.00 बजे तक ''अनिवार्यतः अंकित किया जावेगा।

अ सील्ड लिफाफा क्र–1: इसमें धरोहर राशि रू.1.50 लाख (शब्दो में रु. एक लाख पचास हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट एवं विश्वविद्यालय के वेबसाईट से डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट राशि रू.2000/–रखा जायेगा। इस लिफाफे के उपर लिफाफा क्र–1 ''धरोहर राशि व निविदा प्रपत्र मूल्य'' अंकित किया जायेगा।

ब. सील्ड लिफाफा क्र–2: इसमें क्रमशः निविदाकर्ता का आवेदन पत्र, निविदा शर्ते, प्रपत्र व टेक्नीकल बिड प्रपत्र''अ'' के साथ वांछित समस्त प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियों को रखा जायेगा। इस लिफाफे के उपर लिफाफा क्र–2 ''निविदाकर्ता का आवेदन पत्र'', ''सामान्य शर्ते प्रपत्र'' तथा ''टेक्नीकल बिड प्रपत्र–अ'' अंकित किया जावेगा।

स. सील्ड लिफाफा–3: इसमें कामर्शियल बिड प्रपत्र–''ब'' रखा जायेगा। इस लिफाफे के उपर सील्ड लिफाफा–3 कामर्शियल बिड प्रपत्र–''ब'' पुस्तकों प्रदाय हेतु अंकित किया जावेगा।

**11.** सील्ड लिफाफा–2 में निम्नानुसार क्रम में अभिलेख संलग्न किये जायेंगे–

अ निविदाकर्ता का आवेदन पत्र

ब निविदा शर्ते, प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदा कर्ता के हस्ताक्षर, नाम, सील, व दिनांक / /2017 अंकित रहेगा।

स. टेक्नीकल बिड प्रपत्र–अ पूर्ण रूप से स्वच्छ व साफ सुथरे अक्षरों में बिना कांट छांट के भरा जायेगा तथा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर नाम, सील व दिनांक अंकित किया जायेगा।

द. आयकर परमानेंट अकाउण्ट नं. PAN प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति ।

इ. पिछले तीन वित्तीय वर्षो की आडिटेड बैलेंस शीट एवं तीन वित्तीय वर्षो की इन्कम टेक्स रिटर्न की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियां।

**12.** कामर्शियल बिड लिफाफा–3 में : कामर्शियल बिड प्रपत्र–''ब'' स्वच्छ व साफ सुथरें अक्षरों में भरा हुआ बिना कांट छांट का रहेगा। निविदा कर्ता द्वारा प्रस्तुत छूट का दर अंको एवं शब्दों में प्रतिशत में भरा जायेगा।

**13.** क्रमशः सील्ड लिफाफा 4, 1, 2 व 3 खोले जायेंगे। टेक्नीकल बिड लिफाफा उन फर्मो का खोला जायेगा जिन्होने लिफाफा–1 में निविदा शर्त क्र.2 एवं 3 अनुसार राष्ट्रीयकृत बैंक का दोनों ड्राफ्ट संलग्न किया है। कामर्शियल बिड लिफाफा–3 उन निविदा कर्ताओं का खोला जायेगा जो कि टेक्नीकल बिड लिफाफा–2 के खोले जाने पर निविदा के शर्तो के अनुरूप तकनीकी रूप से अर्ह पाये जावेंगे।

**14.** सफल निविदा कर्ता फर्म को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध करना होगा। निविदा अनुबंध की तिथि से एक वर्ष के लिये मान्य होगी। कार्य संतोष जनक पाये जाने पर विश्वविद्यालय की सक्षम प्रशासनिक स्वीकृति उपरांत एक बार में एक वर्ष तक वृद्धि करते हुए अधिकतम दो वर्ष तक वृद्धि की जा सकती है।

**15.** निविदा जमा करने का तात्पर्य यह लगाया जायेगा कि सफल निविदा कर्ता को विश्वविद्यालय की निविदा में उल्लेखित समस्त शर्ते मान्य है।

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर................................

नाम ..................................

सील ..................................

**16.**सफल निविदा कर्ता द्वारा पुस्तकों कों विश्वविद्यालय ग्रंथालय में स्पीड/रजिस्टर्ड पोस्ट /कर्मचारी के माध्यम से पहुंचाकर निर्धारित अवधि के अंदर प्रदाय करना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय तक पुस्तकों पहुंचाने का जो भी व्यय होगा निविदाकर्ता को स्वयं वहन करना होगा। परिवहन व्यय या अन्य कर विश्वविद्यालय द्वारा देय नहीं होगा।

**17.**सफल निविदा कर्ता को सभी विषयों की Latest Edition की पुस्तकें देयक सहित आदेश में उल्लेखित अवधि में प्रदाय करनी होगी। अन्यथा कि स्थिति मे अधिकतम छः सप्ताह में भारतीय प्रकाशनों तथा अधिकतम नौ सप्ताह में विदेशी प्रकाशनों को प्रदाय करनी होगी। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त पुस्तकों को स्वीकार करने या न करने का ग्रंथपाल का निर्णय अंतिम होगा।

**18.**ऐसी पुस्तकें जिसका विदेशी एवं भारतीय प्रकाशन भी उपलब्ध है तो Latest Edition ही स्वीकार्य होगा।

**19.**आदेश के किसी पुस्तक काया उनके एक खण्ड का मूल्य यदि राशि रु.20,000/–से अधिक है तो पुस्तक की आपूर्ती के पूर्व स्वीकृति आवश्यक है।

**20.**कटी फटी व त्रुटिपूर्ण तथा पुराने संस्करण की पुस्तकें स्वीकार नहीं की जायेगी तथा ऐसी पुस्तकें निविदा कर्ता के खर्च पर वापस की जावेगी।

**21.**देयक तीन प्रतियों में होगी। देयक के साथ संबंधित प्रकाशक का मूल्य सत्यापन हेतु प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**22.**भारतीय रिजर्व बैंक के वेबसाईट "www.rbi.org.in/Scripts/RefrencerRate Archive.aspx" में उल्लेखित विदेशी मुद्रा विनिमय दर ही मान्य होंगें।

**23.**पुस्तक क्रय देयक में निम्नांकित घोषणायें अनिवार्यतः करनी होगी–

A. Latest edition have been supplied these are not remainder titles.
B. Correct and Current price have been charged.
C. Publishers Original invoices or publishers website internet copy enclosed for price proof.
D. R.B.I. Conversion Rates enclosed for foreign publication as per Terms and conditions.
E. Income Tax Permanent account no. PAN………..

**24.**पुस्तक क्रय देयक में निम्नांकित विवरण का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।

| Order Sr. No. | Author | Title/(Indian/Foreign Ed.,ed,Publisher.Year | Hb/ Pb | Copy | Price | Conv.Rate | Price in Rs. | Disc. % | Net Price |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**25.**क्रयादेश में उल्लेखित राशि की उपयोग न होने की स्थिति में सफल निविदा कर्ता को आदेश की 80% (प्रतिशत) पुस्तकों को प्रदाय करना अनिवार्य होगा। आपूर्ति नहीं की गई पुस्तकों के संबंध में उचित साक्ष्य सहित प्रमाण पत्र (Out of stock/ Out of print/ Others) जो भी उचित कारण है देना होगा ताकि राशि उपयोगार्थ पुस्तकों की अन्य सूची आपूर्ति हेतु समय पर प्रदाय की जा सके।

**26.**सफल निविदा कर्ता फर्म द्वारा शर्त क्रमांक 25 के अंतर्गत प्रदान की गई प्रमाण पत्र यदि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षण किये जाने पर गलत पाया जाता है तो संबंधित फर्म को काली सूची में दर्ज कर इसकी सूचना सार्वजनिक की जावेगी।

**27.**सफल निविदा कर्ता को पुस्तकों की प्रदाय के लिये विश्वविद्यालय में सुरक्षा निधि राशि रु.1.50 लाख जमा करना होगा। सफल निविदा कर्ता की लिखित मांग पर उनके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि को सुरक्षा निधि में परिवर्तित किया जा सकेंगा। इस राशि पर व्याज देय नहीं है।

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर..............................
नाम ..................................
सील ..................................

**28.** सफल निविदा कर्ता की धरोहर राशि/सुरक्षा निधि जप्त की जा सकेगी यदि वह
अ. निविदा खोलने के पश्चात् से कार्य अवधि समाप्ति के पूर्व कार्य करने से इंकार करता है।
ब. कार्य व्यवहार से ऐसा प्रतित होता है कि विश्वविद्यालय का हित प्रभावित हो रहा है। तथा सूचित किए जाने पर भी कार्य व्यवहार में संतोष जनक सुधार नहीं पाया जाता है।

ऐसी स्थिति में धरोहर राशि/सुरक्षा निधि जप्त कर द्वितीय क्रम के सफल निविदा कर्ता को क्रय आदेश जारी करने के लिए विश्वविद्यालय स्वतंत्र होगा तथा आगामी वर्षो में आमंत्रित निविदा के लिए अपात्र होगा।

**29.** शर्त क्र. 14, 15 एवं 27 के पूर्ती तत्पश्चात ही क्रयादेश जारी किये जायेंगे। अन्यथा की स्थिति में क्रमशः द्वितिय, तृतीय क्रम के सफल निविदा कताओं को आपूर्ती हेतु अवसर प्रदान किये जायेंगे।

**30.** निविदा कर्ता फर्म द्वारा निविदा में जोड़ी गई अतिरिक्त शर्ते जो इस निविदा में नहीं है, मान्य नहीं होगी।

**31.** निर्धारित अंतिम तिथि समय तक प्राप्त निविदा को दिनांक 13/09/2017 को समय 3.00 बजे विभागीय क्रय समिति द्वारा खोला जायेगा।

**32.** प्राप्त हुई निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना किसी कारण बताये हुए स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ''कुलसचिव, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) को होगा।

**33.** किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में ''कुलपति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.)'' का निर्णय अंतिम होगा।

**34.** न्यायालयीन विवाद की स्थिति में प्रकरण रायपुर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा।

कुलसचिव,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

मेरे द्वारा उपरोक्त समस्त शर्तो तथा प्रपत्रों को पढ़ लिया गया है । तत्पश्चात् मेरे द्वारा सील (मुहर) अंकित कर हस्ताक्षर कर दिए गए है। मैं उक्त समस्त शर्तो के परिपालन हेतु अपनी सहमति देता हूं। मेरे द्वारा प्रस्तुत दर को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत किया जाता है तो उपरोक्त शर्तो के अधीन पुस्तकों के प्रदाय हेतु मैं वचन बद्ध हूं।

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर...............................
नाम ...................................
सील ..................................

(सील्ड लिफाफा–2 में रहेगा)

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## ''पुस्तको के प्रदाय हेतु टेक्नीकल बिड''प्रपत्र–''अ''

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा कर्ता फर्म का नाम व फर्म की श्रेणी ( विक्रेता/प्रकाशक / वितरक /स्टाकिस्ट) | ..........................................................................<br>.......................................................................... |
| 2 | फर्म का स्थायी पता | ..........................................................................<br>..........................................................................<br>फोन ........................<br>ई–मेल .................................................................. |
| 3 | फर्म के प्रोपराइटर/पार्टनर का नाम | ..........................................................................<br>फोन ..........................ई–मेल ............................ |
| 4 | फर्म के प्रतिनिधि या कार्यकारी साझेदार (पार्टनर) का नाम (जिससे कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की जानी है) | ..........................................................................<br>फोन .......................... ई–मेल ............................ |
| 5 | निविदा फार्म मूल्य के बैंक ड्राफ्ट का विवरण | बैंक ड्राफ्ट नं......................................................<br>दिनांक.......................... ......................................<br>राशि रू 2,000/– (रू. दो हजार मात्र)<br>बैंक व शाखा का नाम ...................................... |
| 6 | धरोहर राशि (EMD) बैंक ड्राफ्ट विवरण | बैंक ड्राफ्ट नं......................................................<br>दिनांक.......................... ......................................<br>राशि रू.1,50,000/– (रू एक लाख पचास हजार मात्र )<br>बैंक व शाखा का नाम ...................................... |
| 7 | फर्म का आयकर परमानेन्ट अकाउण्ट नंबर PAN ( प्रमाण की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क्र. लिखें ) | ________________________________ |

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर..............................

नाम ..................................

सील ..................................

| | | |
|---|---|---|
| 8 | फर्म का वार्षिक टर्न ओवर यदि राशि रू.20.00 लाख से उपर है तो निविदा शर्त 8 अनुसार | |
| | अ. फर्म के पिछले तीन वर्षो का चार्टर्ड एकाउटेंट से प्रमाणित बैलेंस शीट ( प्रमाण की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क्र. लिखें ) | वर्ष ..............................राशि रु...............................<br>वर्ष ..............................राशि रु...............................<br>वर्ष ..............................राशि रु............................... |
| | ब. फर्म के पिछले तीन वर्षो का इन्कम टैक्स रिटर्न गणना पत्रक ( प्रमाण की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क्र. लिखें ) | वर्ष ..............................राशि रु...............................<br>वर्ष ..............................राशि रु...............................<br>वर्ष ..............................राशि रु............................... |
| 9 | फर्म क्या सभी विषयों की सभी प्रकार की पुस्तकों के प्रदाय के लिये सक्षम एवं सहमत हैं। हां/नहीं | .............................................................................. |
| 10 | शासकीय /संस्थागत प्रकाशनों/प्रतियोगिता पुस्तकों के पुस्तकों की आपूर्ती अनिवार्यतः करनी होगी । कृपया स्पष्ट सहमति दें। हां/नहीं | .............................................................................. |
| 11 | आदेश के हिन्दी माध्यम की पुस्तकों की आपूर्ती अनिवार्यतः करनी होगी । कृपया स्पष्ट सहमति दें। हां/नहीं | |
| 12 | क्या निविदा कर्ता फर्म को निविदा की सभी शर्तें मान्य हैं। हां/नहीं | |

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर..............................
नाम ..................................
सील ..................................

(FOR SEALED ENVELOP 3)

# Pt.RAVISHANKAR SHUKLA UNIVERSHITY , RAIPUR C.G.

## COMMERCIAL BID PROFORMA.. "B" For Books

**********

1. Name of Suppliers/Publisher/Distributors ------------------------------------------------------------
2. Permanent Adress ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

Phone---------------------------E-mail---------------------

3. Name of representative for official correspondence ----------------------------------------------

Mob. ----------------------Email--------------------------

Fax-----------------------------------------------------------

| Sr. No. | Publication | Bound | Discount (%) | | Period of supply in days from order date |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | In Fig. | In Words | |
| 1 | Indian Publications | Print | | | |
| | | DVD/CD | | | |
| 2 | Foreign Publications | Print | | | |
| | | DVD/CD | | | |

Note

1. 20% (percent) is minimum discount for all publications except govt. publications
2. Rate of discount for all publications are compulsory.
3. Supply of books of Government/ Institutions and competition books are compulsory.
4. Discount is offered only for latest editions on current and correct actual publisher's price

(Indian Publication = Book published in India, Foreign Publication = Book published abroad
Pb =Paper Back, Hb= Hard Bound)

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर...............................

नाम ..................................

सील ..................................

सील्ड लिफाफा क्र–1 : "पुस्तकों के प्रदाय हेतु निविदा"

1 धरोहर राशि ड्राफ्ट
2 निविदा प्रपत्र मूल्य राशि ड्राफ्ट

प्रति,
**विश्वविद्यालय ग्रंथपाल,**
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.) पिन 492010

*प्रेषक : निविदा कर्ता*
*नाम :* ..............................................................
*पता :* ..............................................................
*फोन/मो. :* ....................................................

सील्ड लिफाफा क्र–2 "पुस्तकों के प्रदाय हेतु निविदा"

01 आवेदन पत्र
02 निविदा शर्त प्रपत्र
03 टेक्नीकल बिड प्रपत्र "अ" एवं इससे संबंधित समस्त प्रपत्र

प्रति,
**विश्वविद्यालय ग्रंथपाल,**
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.) पिन 492010

*प्रेषक : निविदा कर्ता*
*नाम :* ..............................................................
*पता :* ..............................................................
*फोन/मो. :* ....................................................

सील्ड लिफाफा क्र–3:

"पुस्तकों के प्रदाय हेतु निविदा"

1.कामर्शियल बिड प्रपत्र "ब"

प्रति,
**विश्वविद्यालय ग्रंथपाल,**
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.) पिन 492010

*प्रेषक : निविदा कर्ता*
*नाम :* ....................................................................
*पता :* ....................................................................
*फोन/मो. :* ..........................................................

सील्ड लिफाफा क्र–4

"पुस्तकों के प्रदाय हेतु निविदा"
निविदा जमा की अंतिम तिथि 12/09/2017
समय दोपहर 03.00 बजे तक

इसके अंदर रखें :–
सील्ड लिफाफा क्र 1
सील्ड लिफाफा क्र 2
सील्ड लिफाफा क्र 3

प्रति,
**विश्वविद्यालय ग्रंथपाल,**
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.) पिन 492010

*प्रेषक : निविदा कर्ता*
*नाम :* ....................................................................
*पता :* ....................................................................
*फोन/ मो. :* ..........................................................

–समाप्त–